**खबर संक्षेप**

## 21 जून को भाजपा जिला कार्यसमिति की बैठक आयोजित

**मण्डला।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश संगठन के मार्गदर्शन में 21 जून को दोपहर 1 बजे से भाजपा जिला कार्यालय मण्डला में जिला कार्यसमिति की बैठक आयोजित की गयी है, बैठक में सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते कैबिनेट मंत्री श्रीमती संपतिया उइके, भाजपा जिला अध्यक्ष भीष्म द्विवेदी की उपस्थिति में आयोजित होगी। भारतीय जनता पार्टी जिला मीडिया प्रभारी सुधीर कसार ने बताया कि आयोजित बैठक में भाजपा की जिला कार्यसमिति, पूर्व विधायक,पूर्व जिलाध्यक्ष, मण्डल अध्यक्ष/ महामंत्री, मोर्चा एवं प्रकोष्ठ के प्रदेश पदाधिकारी एवं जिला अध्यक्ष एवं संयोजक, जिला पंचायत अध्यक्ष, सदस्य एवं जनपद पंचायत के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं नगर पालिका एवं नगर परिषद के अध्यक्ष उपाध्यक्ष को आमंत्रित किया गया है।

## राज्य सेवा एवं राज्य वनसेवा प्रारंभिक परीक्षा में प्रवेश पत्र के अलावा फोटोयुक्त पहचान पत्र आवश्यक

**मण्डला।** म.प्र. राज्य सेवा एवं राज्य वनसेवा प्रारंभिक परीक्षा 2024 का आयोजन 23 जून 2024 दिन रविवार को किया जा रहा है। परीक्षा में अभ्यर्थी आयोग द्वारा जारी प्रवेश पत्र के अतिरिक्त मतदाता परिचय पत्र, आधार कार्ड, ड्राईविंग लायसेंस, आयकर पेन कार्ड, केन्द्र या राज्य सरकार से जारी फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, पासपोर्ट, बैंक पासबुक फोटो सहित, राजपत्रित अधिकारी द्वारा प्रमाणित नवीनतम फोटो परिचय पत्र आदि में से कोई एक मूल फोटोयुक्त पहचान पत्र लेकर आना आवश्यक है। इसके अलावा परीक्षार्थी स्वयं के पहने कपड़े एवं लिखने हेतु पेन के अलावा अन्य कोई भी सामग्री जैसे- कपड़ा, चश्मा, डिवाईश, बक्कल, घड़ी, बैंड, बेल्ट, पर्स, वॉलेट, टोपी, मफलर, केल्कुलेटर, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, पठन सामग्री आदि सहित परीक्षा केन्द्र में ले जाने की अनुमति नहीं होगी।

## जिला टास्क फोर्स की बैठक आज

**मण्डला।** राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान 23 जून से 25 जून 2024 तक संचालित किया जाना है। साथ ही दस्तक अभियान प्रथम चरण 25 जून से 27 अगस्त 2024 तक संचालित किया जाएगा। अभियान के कुशल संचालन एवं सफलता के लिए अंतर्विभागीय सहयोग के लिए जिला टास्क फोर्स की बैठक का आयोजन 21 जून 2024 को दोपहर 3 बजे से मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय सभाकक्ष खैरी में किया जाएगा।

**अंधविश्वास की इंतिहा, पैसा कमाने किया दोस्त का कत्ल**

# फांसी के फंदे से बरसेंगे रूपये

*** किस दिशा में जा रहा युवा।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

*भौतिकवादी इस युग में पैसा कमाने की लत कितना गर्त में ले जा सकती है इसका जीवंत उदाहरण है ये दुर्दांत घटना जिसमें अंधविश्वासी कुछ युवाओं ने बैठे-बैठे बिना श्रम के पैसे कमाने के चक्कर में अपने ही दोस्त को बिना वजह मौत की नींद सुला दिया। न जाने कैसें उन्हें यह विश्वास हो गया या फिर इस तरह का विश्वास दिला दिया गया कि यदि किसी व्यक्ति को फांसी के फंदे पर लटका दिया जाये और उसकी मृत्यु हो जाये तो उस फंदे की रस्सी से पैसों की बरसात होती है बस इतना ही इन 21 से 23 वर्ष के युवाओं ने समझा और फिर बिना सोचे समझे अपने ही एक दोस्त को फांसी के फंदे पर लटकाया उसकी बेदर्दी से हत्या की फिर शव को छुपाने बोरी में भरकर पत्थर बांधकर नदी में फेंक दिया लेकिन कहा गया है कि जुर्म कभी छुपता नहीं और वही हुआ महज 48 घंटे के अंदर इस दुर्दांत जुर्म का खुलासा पुलिस ने किया और आरोपी 04 युवकों को गिरफ्तार कर सीखचों के पीछे भेज दिया। इनके साथ वह व्यक्ति भी पुलिस की हिरासत में है जिसने यह ज्ञान दिया था कि फंदे की रस्सी से पैसों की बरसात होती है।*



**गिरफ्तार आरोपी-** 1. सोनू उर्फ निशांत पिता मुकेश कछवाहा उम्र 22 वर्ष निवासी ग्राम रामबाग, 2. प्रशांत उर्फ निहुल पिता गज्जु कछवाहा उम्र 21 वर्ष निवासी ग्राम रामबाग थाना महाराजपुर 3. नितेश पिता श्यामलाल कछवाहा उम्र 21 वर्ष निवासी ग्राम रामबाग थाना महाराजपुर 4. दादी उर्फ सुखचैन पिता मुखवा उर्फ प्रमोद यादव उम्र 23 वर्ष निवासी ग्राम कौरगांव थाना महाराजपुर, 5. दिलीप नामदेव पिता स्व. प्रभूलाल नामदेव उम्र 40 वर्ष निवासी रेस्ट हाऊस के पीछे बिछिया थाना बिछिया

### क्या है घटना

दिनांक 15.06.24 को एक व्यक्ति का शव नदी नेवरगांव में मिलने पर मृतक की पहचान राहूल भांवरे के रूप में हुई। पुलिस द्वारा मौके की कार्यवाही करते हुए मृतक राहुल भाँवरे की मां एवं पत्नी के विस्तृत कथन लेखबध्द किये गये। जिनसे ज्ञात हुआ की 12 जून की रात में करीबन 8:00 बजे राहुल घर से अभी आता हूँ कहकर गया है जो नहीं आया जिसका गुम की रिपोर्ट दर्ज कराई गयी थी। आरोपियों की तलाश हेतु जानकारी एकत्र की गयी। पुलिस अधीक्षक मण्डला एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मण्डला के निर्देश पर एसडीओपी मण्डला के नेतृत्व में टीम गठित की गयी। थाना प्रभारी महाराजपुर निरीक्षक ममता परस्ते एवं थाना स्टाफ द्वारा टीम के रूप में काम करते हुये अज्ञात आरोपी की तलाश के संबंध में लगातार प्रयास करते हुये लोगो से जमीनी स्तर पर पूछतांछ करते रहे। पुछताछ के दौरान मुखविर की सूचना पर संदेही दादी उर्फ सुखचैन पिता मुखवा उर्फ प्रमोद यादव उम्र 23 वर्ष निवासी ग्राम कौरगांव थाना महाराजपुर को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की गयी। जिसने बताया कि दिनांक 12.06.24 को अपने साथी सोनू उर्फ निशांत कछवाहा, प्रशांत कछवाहा, नितेश कछवाहा सभी निवासी रामबाग से मिलकर पूर्व नियोजित प्लान बनाये कि किसी व्यक्ति को फाँसी लगाकर हत्या करना और उसी फाँसी की रस्सी से रूपया झड़ेगा तो हम लोग अमीर हो जायेगें तो आरोपी दादी उर्फ सुखचैन यादव द्वारा अपने मोहल्ले कौरगांव से राहूल भांवरे को शराब पिलाने तथा और शराब पिलाने का लालच देकर अपने अन्य तीन दोस्तों के साथ आटो में बैठाकर बहेलियाटोला तरफ जोड़ा बिजली पोल के तरफ ले गये और वहां चारों ने शराब पीये तथा राहुल भांवरे को पिलाया राहूल भांवरे को नशा चढ़ने के बाद चारों दोस्तों ने बिजली के पोल में रस्सी फँसाकर राहूल के गले में फाँसी का फंदा डालकर चारों लड़को ने रस्सी को खींच कर राहुल भांवरे की हत्या कर दी और जब उन्हे लगा कि जिंदा है तो सोनू कछवाहा ने पत्थर से सिर में मारा उसके बाद चोरों दोस्त उसे आटो में राहूल भांवरे को ले जाकर सीमेन्ट की बोरी में पत्थर भरकर पत्थर को मृतक के पीठ में गमछे से बाँध कर बंजर पुल से नदी में फेंक दिये। दिनांक 13.06.24 को चारो दोस्तों ने बिछिया से दिलीप नामदेव को बुलाया और उसे बताया कि हम चारों दोस्तों ने एक व्यक्ति की फाँसी लगाकर हत्या कर उसी फाँसी की रस्सी को लाये है तुम अपने तंत्रमत्र से इस रस्सी से रूपयों की झड़ी करो। उक्त आरोपियों द्वारा रूपयों पैसों की लालच में हत्या को अंजाम देना और अपराध को झुपाने के लिये शव को पत्थर बांध कर नदी में फेंक देना स्वीकार किया। उक्त सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर आज दिनांक 20.06.24 को माननीय न्यायालय पेश किया गया है।

उक्त कार्यवाही में एसडीओपी पीयूष मिश्रा, निरीक्षक ममता परस्ते आर्मो, उनि. कुंवर बिसेन, भीमराम मेश्राम, योगेन्द्र चौहान, सुरजीत परमार, सउनि अनिल बिसेन, शिवशंकर राजपूत, रामकृष्ण बघेल, प्र.आर. चैनसिंह सैयाम, आर. प्रियांस पाठक, शिवा नाविक, तोष सिंह सल्लाम, राजबघेल, केशव मरावी, घन्नू यादव एवं अन्य थाना स्टाफ, सुरेश भटेरे सायबर सेल मंडला की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# कलेक्टर ने किया आपदा प्रबंधन की तैयारियों का निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

कलेक्टर डॉ. सिडाना ने जिला होमगाडर्स द्वारा आपदा प्रबंधन एवं बाढ़ नियंत्रण के लिए की गई तैयारियों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि कमांडेंट होमगार्ड आपदा प्रबंधन एवं बाढ़ नियंत्रण से जुड़ी समस्त बचाव सामग्री जैसे- रस्सी, बोट, दवाइयाँ, जरूरी उपकरण, टार्च आदि तहसील स्तरों पर वितरण करना सुनिश्चित करें। इसी प्रकार जिलेभर के दुर्घटना संभावित क्षेत्रों में प्रशिक्षित अमले की तैनाती सुनिश्चित करें। उन्होंने लाइफ जैकेट, लाइफ बॉल, चिकित्सा सामग्री एवं अन्य आवश्यक सामग्री को भी मैदानी स्तर पर दुर्घटना संभावित क्षेत्रों में तत्काल भेजने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने दिव्यांग ई-लाईब्रेरी में स्थापित किए गए जिला स्तरीय आपदा प्रबंधन एवं बाढ़ नियंत्रण कक्ष का भी निरीक्षण किया। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि कंट्रोल रूम का नंबर लगातार सक्रिय रखें। उन्होंने कहा कि कंट्रोल रूम में वरिष्ठ अधिकारी की शिफ्टवार ड्यूटी लगाएं। इस दौरान संयुक्त कलेक्टर अरविंद सिंह सहित संबंधित उपस्थित थे।

### दिव्यांग ई-लाईब्रेरी का निरीक्षण

दिव्यांग ई-लाईब्रेरी के निरीक्षण के दौरान कलेक्टर डॉ. सलोनी सिडाना ने उपस्थित विद्यार्थियों से लाईब्रेरी में उपलब्ध सुविधाओं के बारे में चर्चा की। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों के अनुरूप मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। साथ ही लाईब्रेरी में शैक्षणिक सामग्री की उपलब्धता कराए जाने के निर्देश दिए जिससे अधिक से अधिक छात्र-छात्राएं प्रतियोगी परीक्षा में सम्मिलित होकर सफलता प्राप्त कर सकें।



# सीवरेज लाईन को लेकर मंत्री/कलेक्टर की बैठक

*** जिम्मेदार अधिकारियों से ली जानकारी, दिये निर्देश।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



नगरपालिका परिषद मंडला सभाकक्ष में आयोजित बैठक में पीएचई मंत्री संपतिया उइके ने परिषद के कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने सीवरेज लाईन के कार्यों की प्रगति की जानकारी लेते हुए कहा कि इस कार्य में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखें एवं कार्य समय-सीमा में पूर्ण करें। साथ ही उन्होंने कहा कि शहर के सभी 24 वार्डों में बरसात के मौसम को देखते हुए स्ट्रीट लाईट तथा साफ-सफाई की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करें। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुशराम, नगरपालिका अध्यक्ष विनोद कछवाहा, कलेक्टर डॉ. सलोनी सिडाना, प्रोजेक्ट मैनेजर एमपीयूडीसी, एमपीयूडीसी प्रोजेक्ट इंजीनियर, मुख्य नगरपालिका अधिकारी गजानंद नाफड़े सहित संबंधित उपस्थित रहे। नगर में चल रही सीवरेज के कार्यों की समीक्षा के दौरान एमपीयूसीडीसी के प्रोजेक्ट मैनेजर के द्वारा बताया गया कि एसटीपी 71.4 प्रतिशत, सीवर मेनहोल 91.86 प्रतिशत, हाउस चेम्बर 79.77 प्रतिशत एवं 111.6 किलो मीटर का रोड रिस्टोरेशन कार्य पूर्ण हो चुका है। इस पर कलेक्टर डॉ. सलोनी सिडाना ने निर्देशित किया कि वर्तमान में वर्षा ऋतु प्रारंभ हो चुकी है नए कार्य व चेम्बर हेतु गढडे न खोदे जाएं केवल एसपीटी एवं रोड रिस्टोरेशन का कार्य पूर्ण किया जाए जिससे नागरिकों को असुविधा न हो, रोड रिस्टोरेशन का लंबित कार्य 10 से 15 दिवस में पूर्ण करना सुनिश्चित करें ताकि आम नागरिकों को असुविधा का सामना न करना पड़े।

# पर्यावरण दिवस पर चित्रकला एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन

रिभूमि न्यूज ▶▶ मणडला/बम्बनीबंजर



नगर परिषद बम्हनी बंजर द्वारा दिनांक 09/06/2024 एवं 12/06/2024 को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर चित्रकला एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें नगर के विभिन्न विद्यालय के भैया /बहिन शामिल हुए ।नगर परिषद द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता में सरस्वती शिशु उच्च माध्यमिक विद्यालय हरदहा वार्ड बम्हनी बंजर के भैया/बहिनों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। चित्रकला में प्रथम स्थान बहिन भावना साहू द्वितीय स्थान बहिन प्राची हरदहा ने प्राप्त किया।निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान बहिन भावना साहू, द्वितीय स्थान बहिन प्राची हरदहा,एवं तृतीय स्थान भैया भास्कर साहू ने प्राप्त किया। सभी भैया/बहिनों को समिति एवं विद्यालय परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई विद्यालय प्राचार्य श्रीमती निशा पाण्डेय द्वारा सभी भैया/बहिनों के उज्जवल भविष्य की कामना की गई।

**आयोजन** | **भविष्य से भेंट कार्यक्रम अंतर्गत बिंझिया हाईस्कूल में हुआ आयोजन।**

# सांसद कुलस्ते ने की विद्यार्थियों से चर्चा

*** बच्चों को पाठ्य पुस्तकों का हुआ वितरण।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



शासन के आदेशानुसार स्कूल चले हम, कार्यक्रम के अंतर्गत एकीकृत शासकीय हाई स्कूल बिझिंया में प्राचार्य मुकेश पांडे के कुशल निर्देशन में दिनांक 18 6.2024 से 20 6.2024 तक तीन दिवसीय प्रवेश उत्सव कार्यक्रम हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया। प्रथम दिवस सभी विद्यार्थियों का तिलक वंदन से स्वागत और माला पहनाकर, निशुल्क पाठ्य पुस्तक वितरित की गई तथा विशेष भोज का आयोजन किया गया। प्रवेश उत्सव के द्वितीय दिवस शिक्षक एवं अभिभावक के बीच शालेय गतिविधियों को लेकर चर्चा हुई। प्रवेश उत्सव के अंतिम दिवस दिनांक 20.06.2024 को सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते के मुख्य आतिथ्य में भविष्य से भेंट कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम का प्रारंभ मुख्य अतिथि द्वारा सरस्वती माता का पूजन से हुआ तत्पश्चात प्राचार्य मुकेश पांडे के द्वारा सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते का स्वागत किया गया तथा स्कूल चले हम के अंतर्गत होने वाली गतिविधियों से अवगत कराया गया। सांसद द्वारा विद्यार्थियों का तिलक वंदन एवं माला से स्वागत किया गया और निशुल्क पा्ठय पुस्तक का वितरण किया गया। कुलस्ते द्वारा विद्यार्थियों को आगे बढ़ने हेतु प्रेरित करते हुए अपने जीवन के अनुभवों के बारे में बताया गया। कार्यक्रम में सांसद प्रतिनिधि जयदत झा द्वारा करियर के विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। शिक्षाविद योगेश श्रीवास्तव द्वारा शिक्षक की बारीकियां को समझाने का प्रयास किया गया। शिक्षक राजेश क्षत्री द्वारा विद्यार्थियों को मार्गदर्शित किया गया। भविष्य की भेंट कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों को प्राचार्य बिंझिया द्वारा स्मृति चिन्ह भी भेंट किए गए। सांसद से शाला से संबंधित आवश्यकताएं भी बताई गई जिनका निराकरण ने तत्काल संबंधित अधिकारी को दूरभाष पर कार्य करने के लिए निर्देशित भी किया। सांसद एवं अतिथियों द्वारा शाला परिसर में वृक्षारोपण भी किया गया। कार्यक्रम में बिंझिया पंचायत के उप सरपंच, जिला शिक्षा अधिकारी, सहायक संचालक, तहसीलदार अजय श्रीवास्तव, प्राचार्य वरिष्ट मूल शाला, ए पी सी के के उपाध्याय एवं काफी संख्या में शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का मंच संचालन अखिलेश उपाध्याय द्वारा किया गया तथा आभार प्रदर्शन श्रीमती गायत्री शुक्ला के द्वारा किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में एकीकृत शाला बिंझिया के समस्त स्टाफ का सहयोग रहा।

# सी.आई.एम. राइस विद्यालय घुघरी में भविष्य की भेंट कार्यक्रम सम्पन्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

स्कूल चले हम अभियान अंतर्गत प्रवेशोत्सव कार्यक्रम के तहत राज्य शिक्षा केंद्र के निर्देशानुसार "भविष्य की भेंट" कार्यक्रम का आयोजन जनपद अध्यक्ष श्रीमती जानिए मरावी विधायक प्रतिनिधि नेतराम साहू एवं प्राचार्य रमेश कुमार बिसेन एवं विकासखंड स्त्रोत सामान्य हर्ष जोशी के द्वारा सर्वप्रथम मां सरस्वती का पूजन कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई कक्षा 1 से 12 तक के बच्चों को उज्जवल भविष्य हेतु प्रोरित किया, बच्चों को नियमित प्रतिदिन स्कूल आने, साफ-सफाई पर ध्यान देने, कहां गया कार्यक्रम में अनुबिवगिय अधिकारी राजस्व के द्वारा सी आम राइस की सेकंड बिन में आकस्मिक भेद दी गई जिसमें छात्रों को उनके द्वारा अध्यापन कर कराया गया एवं छात्रों के द्वारा पुलिस आर्मी एवं डॉक्टर बनने के लिए क्या करना होगा जिसमें अनु विभागई अधिकारी द्वारा उन्हें उचित मार्गदर्शन एवं अच्छे से पढ़ाई करने की बात कही एवं कक्षा में छात्रों को व्यवहारिक जीवन की बात बताई साथ ही पढ़ाई करने से आपका भविष्य उज्जवल बनायेंगे।



**खबर संक्षेप**

## भाजपा जिला जिला अध्यक्ष अवध राज बिलैया ने वृद्ध आश्रम में मनाया जन्मदिन



**हरिभूमि न्यूज डिण्डोरी।** भारतीय जनता पार्टी किस जिला अध्यक्ष बिलैया के जन्मदिन के अवसर पर मां शारदा टेकरी में वृक्षारोपण कर दिन की शुरुआत की एवं जिला कार्यालय में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने उनका जन्मदिन केक काटकर मनाया इसके साथ ही भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने भाजपा जिला अध्यक्ष अवधराज बिलैया के जन्मदिन पर वृद्ध आश्रम जाकर वृद्धजनों के साथ मुलाकात कर उन्हें मुंह मीठा करा कर अपना जन्मदिन मनाया।

### कांग्रेस नेताओं ने पत्रकारवार्ता कर लगाया आरोप


# कांग्रेस नेताओं ने उपाध्यक्ष पर लगाया आरोप, निजी बिल लगा कर रहे ठेकेदारी

### मामले की कलेक्टर, एसडीएम सहित सीईओ से हुई शिकायत

**हरिभूमि न्यूज डिंडोरी।** गत दिवस जिले के शहपुरा जनपद पचायत के उपाध्यक्ष जितेन्द्र चदेंल के खिलाफ काग्रेस के नेताओ ने पत्रकारवार्ता के दरमियान गम्भीर आरोप लगाते हुए बतलाया कि जनपद पंचायत शहपुरा के जनपद उपाध्यक्ष जितेंद्र चंदेल पंचायती राज अधिनियम 1993 की धारा 40 का उल्लंघन करते हुए जनपद क्षेत्र के तमाम ग्राम पंचायतों में निर्माण कार्य, अमृत सरोवर, ग्रेवल सड़क, स्टाप डैम, चेक डेम, पुलिया में निजी बिल बाउचर लगाकर अपने बैंक खाते में करीब तीन करोड़ की राशि का लाभ अर्जित किया है। काग्रेस के किसान नेता ने बताया की पंचायत का कोई भी जनप्रतिनिधि प्रत्यक्ष य अप्रत्यक्ष रूप से लाभ अर्जित नहीं कर सकता, पूरे मामले की शिकायत उन्होंने कलेक्टर, एसडीएम शहपुरा और जनपद सीईओ से की है।







### -पद के प्रभाव का उपाध्यक्ष कर रहे दुरूपयोग

किसान कागेंस के जिलाध्यक्ष रेवा प्रसाद झारिया द्वारा पत्रकारवार्ता के दौरान जनपद उपाध्यक्ष जितेन्द्र चन्देंल के विरूद्ध आरोप लगाया गया है कि भारत सरकार की मनरेगा योजना मे उपाध्यक्ष द्वारा पद के प्रभाव का दुरूपयोग करते हुए मनरेगा जैसी सरकार की महत्वाकांक्षी योजना मे निजी लाभ अर्जित कर पदीय दायित्वो और कर्तव्यो मे घोर लापरवाही की गई है। शिकायत के पत्र के माध्यम से आरोप लगाया गया है कि उपाध्यक्ष जितेन्द्र चन्देल द्वारा अप्रत्यक्ष और असवैधानिक रूप से ग्राम पचायतो के जनप्रतिनिधियो के उपर दबाव बनाकर बिल बाउचर लगाकर राशि अपने निजी खातो मे हस्तांतरित कर लाभ अर्जित किया जा रहा है।

### -उपाध्यक्ष पर लगा ठेकेदारी करने का आरोप

पत्रकारवार्ता के दौरान काग्रेसी नेताओ ने आरोप लगाया कि मनरेगा योजना मे ठेकेदारी प्रथा पूर्णत प्रर्णत प्रतिबंधित है किन्तु असवैंधानिक तरीके से जनपद उपाध्यक्ष जितेन्द्र चंदेल के द्वारा कार्य से लाभ अर्जित किया जा रहा है।

### -उठी जांच की माग

पत्रकारवार्ता के दरमियान काग्रेंस नेताओ ने जनपद उपाध्यक्ष जितेन्द्र चंदेल पर पंचायती राज अधिनियम का उल्लघन कर करीब तीन करोड रू से अधिक के बिल लगा लाभ अर्जित करने के आरोप लगाते हुए बतलाया है कि हमारे द्वारा मामले की लिखित शिकायत सभी संबंधित स्थानो पर की गई है समय पर जांच और कार्यवाही नही होने पर धरना प्रर्दशन करने के लिए बाध्य होगे।

### इनका कहना है....

शिकायत आवेदन मिला है विधि सगत कार्यवाही की जावेगी।

**-अनुराग सिह एसडीएम शहपुरा**

# स्कूल चलें हम अभियान के तहत भविष्य से भेंट कार्यक्रम का आयोजन





**हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।** कलेक्टर विकास मिश्रा के निर्देशन में स्कूल शिक्षा विभाग के तहत ''स्कूल चलें हम अभियान'' के अंतर्गत प्रवेश उत्सव कार्यक्रम 2024 दिनांक 18,19 एवं 20 जून 2024 को आयोजित किए गए। जिसमें जिले के समस्त विभाग प्रमुखों के अलग-अलग माध्यमिक विद्यालयों में प्रवेश उत्सव संबंधी गतिविधियों में भाग लेकर सफल संचालन हेतु ड्यूटी लगायी गयी। इसी के अंतर्गत 20 जून को विशेष कार्यक्रम ''भविष्य से भेंट'' के तहत कलेक्टर विकास मिश्रा ग्राम पंचायत देवरा के माध्यमिक शाला देवरा का औचक निरीक्षण किया और स्कूल चलें हम अभियान के तहत विद्यालय में संचालित गतिविधियों का जायजा लिया। कक्षा 1 से 8वीं तक के छात्र-छात्राओं को किताब, पेन एवं कॉपी कलेक्टर विकास मिश्रा ने प्रदान किए और लाइब्रेरी से संबंधित संचालन हेतु किताबें उपलब्ध करायीं। विद्यार्थियों को साथ-साथ पाठ्यक्रम के अनुसार पाठ्यपुस्तक भी वितरित किए। छात्र-छात्राओं ने गीत एवं कहानी एवं अन्य रंगमंच प्रस्तुत किए। छात्र-छात्राओं के साथ उपस्थित उनके अभिभावकों से शैक्षणिक गतिविधियों के बारे में चर्चा की। विद्यालय में संचालित मध्यान्ह भोजन बनाते समय अवलोकन कर रसोईयों से भोजन से संबंधित चर्चा की। अंत में कलेक्टर ने स्कूल के समस्त शिक्षकों को समय पर विद्यालय पहुंचकर शैक्षणिक एवं अन्य शासकीय गतिविधियों को नियमित संचालित करने के आवश्यक निर्देश दिए। इसी दौरान कार्यक्रम उपस्थित डीपीसी राघवेन्द्र मिश्रा, सुरेश कुमार गवले प्रधान पाठक, सरपंच व स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं विद्यालय के स्टॉफ उपस्थित रहे।

# लोक सेवा आयोग की परीक्षा की तैयारी हेतु कलेक्टर ने ली बैठक

### -मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग की परीक्षा की तैयारी हेतु दिए निर्देश

**हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।** कलेक्टर विकास मिश्रा ने आज कलेक्टर सभाकक्ष में 23 जून 2024 को आयोजित होने वाली मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग की प्रारंभिक परीक्षा की तैयारी हेतु संबंधित अधिकारियों कर्मचारियों की बैठक आयोजित की गई। जिसमें लोक सेवा आयोग के नियमों का पालन करते हुए सफलतापूर्वक परीक्षा संपन्न कराने के सख्त निर्देश दिए। उक्त बैठक में एसडीएम डिंडौरी रामबाबू देवांगन, डिप्टी कलेक्टर वैधनाथ वासनिक, नायब तहसीलदार बजाग शांति लाल विश्नोई, नायब तहसीलदार समनापुर सुन्दर लाल यादव, तहसीलदार डिंडौरी पंकज नयन तिवारी, नायब तहसीलदार सुकमन सिंह कुलेश, डीपीसी राघवेन्द्र मिश्रा, एकलव्य विद्यालय प्राचार्य एम के गवले, उत्कृष्ट विद्यालय प्राचार्य एस के द्विवेदी, शासकीय चन्द्रविजय महाविद्यालय से एके झारिया, मेकलसुता महाविद्यालय प्राचार्य बीएल द्विवेदी, जिला शिक्षा अधिकारी रतिराम सेन्द्राम सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।



# करौंदी निवासी राकेश कुमार साहू को मिली पीएचडी की उपाधि

**हरिभूमि न्यूज शहपुरा।** डिण्डौरी जिले के शहपुरा जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम करौंदी निवासी राकेश कुमार साहू को अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय रीवा द्वारा पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई। ग्राम करौंदी निवासी किसान हरप्रसाद साहू के पुत्र राकेश कुमार साहू ने अपना शोध कार्य ''द मोर्फोलॉजिकल एंड जेनेटिक वेरिएशन ऑफ डिफरेन्ट फिश स्पाइसीज ऑफ टू एक्वेटिक रिसोर्सेस ऑफ सीधी डिस्ट्रिक्ट एमपी'' पर किया। डॉ राकेश कुमार साहू को पीएचडी की उपाधि प्राणीशास्त्र विषय मे प्रदान की गई। इन्होंने अपना शोध कार्य शासकीय संजय गांधी स्नातकोत्तर महाविद्यालय सीधी के प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष प्रोफेसर डॉ एके तिवारी के निर्देशन में पूर्ण किया। डॉ राकेश कुमार साहू ने इस संपूर्ण उपलब्धि का श्रेय उन्होंने अपने पिता हरप्रसाद साहू एवं मां स्व. यशोदा साहू को दिया। डॉ राकेश कुमार साहू को पीएचडी उपाधि मिलने पर उनके परिजनों, इष्ट मित्रों सहित शुभचिंतकों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।





# कार्यवाही कर 77 किग्रा. मछली जप्त की गई



**हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।** 16 जून से 15 अगस्त तक की अवधि को बंद ऋतु घोषित किया गया है जिसमें मत्स्याखेट, मत्स्य विक्रय, मत्स्य परिवहन आदि प्रतिबंधित है। आर. के. चंदेल प्रभारी सहायक संचालक मत्स्योद्योग डिण्डौरी के नेतृत्व में एच.सी. विश्वकर्मा मत्स्य निरीक्षक विशाल शरणागत मत्स्य निरीक्षक जय प्रकाश धुर्वे सहा. ग्रेड तीन एवं दशरथ प्रसाद वरकडे चैकीदार, आदि दल ने सक्का के मछली बाजार से 46 कि.ग्रा. राशि रूपये 3300/- समनापुर के मछली बाजार से 10 कि.ग्रा. राशि रूपये 600/- बम्हनी के मछली बाजार से 7 कि.ग्रा. राशि रूपये 500/- एवं बोंदर के मछली बाजार से 12 कि.ग्रा. राशि रूपये 800/- कुल 77 कि.ग्रा. मछली जप्त की गई जिसकी नीलामी कर राशि रूपये 5200ग्रा. शासन के खातें में जमा की गई।

# भविष्य से भेंट कार्यक्रम का हुआ आयोजन





**हरिभूमि न्यूज अमरपुर।** जनपद शिक्षा केन्द्र अमरपुर क्षेत्रांतर्गत एकीकृत माध्यमिक शाला सारंगढ़ में स्कूल चले अभियान अंतर्गत भविष्य से भेंट कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें विकासखंड शिक्षा अधिकारी व्ही.के. चिचाम, जिला प्रबंधक जीवन कौशल, समर सिंह परमार, ब्लॉक समन्वयक प्रवीण उपाध्याय, वॉलिंटियर संतोष कुमार मसराम, लीलाराम बघेल, जोसफ मरावी आदि ने अपने-अपने विचार व्यक्त किये। जिसमें विकासखंड शिक्षा अधिकारी ने कहा कि बच्चों को अपने लक्ष्य को हासिल करने के लिए अच्छाई को आत्मसात करना होगा। आगे बढ़ने के लिए अच्छे विचार लाना ही जीवन का सार हैं तथा पढ़ाई-लिखाई के साथ-साथ बच्चों में नैतिक, सामाजिक, गुणों का विकास होना आवश्यक हैं। भविष्य से भेंट कार्यक्रम में मुख्य रूप से सुखचैन सिंह धुर्वे प्रभारी प्राचार्य हाई स्कूल चारपानी, संतोष कुमार मसराम अध्यक्ष शाला प्रबंधन समिति, सुखीराम यादव, सुखमत बाई मसराम, पातिराम धुर्वे पंच ग्राम पंचायत मनोरी नीलम कुमार धनंजय माध्यमिक शिक्षक हाई स्कूल चारपानी आदि उपस्थित हुए। आयोजित कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय से सुमन मरावी, अभिषेक पटेल, रामप्रसाद यादव, भगत मरकाम ने बेहतर प्रबंधन कर कार्यक्रम को सफल बनाया। अंत में सभी ने बच्चों के साथ विशेष भोज में सम्मानित हुए।

# नौ दिवसीय श्री राम कथा के अंतिम दिन उमड़ी भक्तों की भीड़

**हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।** जिले के शहपुरा बिछिया के समीप ग्राम छपरा के बजरंग टेकरी में नौ दिवसीय श्रीराम कथा का गुरुवार को समापन हुआ। कथा व्यास कनिष्ठ जगत गुरु स्वामी आत्मानंद सरस्वती जी महाराज ने अंतिम दिन की कथा में सीता हरण, लंका दहन, राम-रावण युद्ध, विभीषण का राज्याभिषेक सहित राजा राम के राज तिलक प्रसंग का भावपूर्ण वर्णन किया। श्री राम कथा के अंतिम दिन महाराज ने कहा रामायाण हमें जीना सिखाती है। कथा व्यास ने श्रीराम कथा का वर्णन करते हुए कहा कि चैदह वर्ष वनवास पूर्ण करने के बाद भगवान श्रीराम जब वापस अयोध्या पहुंचे तो अयोध्यावासी खुशियों से झूम उठे। रामायण हमें आदर, सेवा भाव, त्याग व बलिदान के साथ दूसरों की सम्पत्ति पर हमारा कोई अधिकार नहीं है ऐसा सिखाती है। उन्होंने बताया कि जिस प्रकार भगवान श्रीराम ने दीन-दुखियों, वनवासियों आदिवासियों के कष्ट दूर करते हुए उन्हें संगठित करने का कार्य किया एवं उस संगठित शक्ति के द्वारा ही समाज में व्याप्त बुराइयों को दूर किया। हर राम भक्त का दायित्व है कि पुनीत कार्य में अपना सहयोग प्रदान करें यह राम कार्य है। श्रीराम के राज्याभिषेक का वर्णन किया और बताया कि बुराई और असत्य ज्यादा समय तक नहीं चलता। अन्ततरू अच्छाई और सत्य की जय होती है। अधर्म पर धर्म की जीत हमेशा होती आई है। श्रीराम के राज्याभिषेक के अवसर पर पूरे पंडाल में पुष्पों की वर्षा भक्तों द्वारा की गई। समापन अवसर बिछिया नगर के आस पास के गांव के लोग बड़ी संख्या मैं उपस्थित थे। नौ दिवसीय श्री राम कथा का समापन जहां गुरुवार को किया गया। आज शुक्रवार को सुबह मंत्रोच्चारण के साथ पूर्णाहुति के बाद भंडारे का प्रसाद वितरण किया जाएगा। श्रीराम कथा आयोजक समिति ने सभी श्रद्धालुओं से पहुंचने की अपील की हैं।



# डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी जी की पुण्यतिथि हर मतदान केन्द्र में मनायें -अवधराज

**हरिभूमि न्यूज डिण्डौरी।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेशाध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा, प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा के निर्देशानुसार, प्रदेश महामंत्री व संभागीय प्रभारी कविता पाटीदार के मार्गदर्शन व भाजपा जिलाध्यक्ष अवध राज बिलैया की उपस्थिति में व मण्डल अध्यक्ष लक्ष्मण सिंह ठाकुर के नेतृत्व में मण्डल कार्यसमिति बैठक सम्पन्न हुई। बैठक मे मुख्यातिथि के रूप में भाजपा जिलाध्यक्ष अवध राज बिलैया, पूर्व जिलाध्यक्ष कैलाशचंद जैन, वरिष्ठ नेता राजेन्द्र प्रसाद पाठक मौजूद रहें। सर्वप्रथम सभी मंचासीन अतिथियों ने भारत माता, पं. दीनदयाल उपाध्याय, डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी जी के तेलीय चित्र पर माल्यार्पण व तिलक वंदन कर बैठक की शुरूआत की। बैठक को संबोधित करते हुए मण्डल अध्यक्ष लक्ष्मण सिंह ठाकुर ने संगठन के आमागी कार्यक्रमों की रूपरेखा को विस्तारपूर्वक अवगत कराते हुए बताया कि 21 जून को हमे अन्तराष्ट्रीय योग दिवस एवं 23 जून को श्रद्धेय डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी जी के स्मृति दिवस हर मतदान केन्द्रों मे मनाना है उक्त कार्यक्रम की सम्पूर्ण जानकारी सोशल मीडिया के साथ साथ संगठन एप्प व नमो एप्प पर अपलोड़ किया जाना है। भाजपा जिलाध्यक्ष अवध राज बिलैया ने संबोधित करते हुए कहा कि अभी हाल मे ही सम्पन्न हुए मण्डला लोकसभा चुनाव में डिण्डौरी जिले ने अहम भूमिका निभाई है। अब हमें निरंतर संगठन के कार्यक्रमों मे सहभागिता करना है एवं प्रदेश नेतृत्व के जो भी निर्देश है उनका अनुशरण करेंगें। पूर्व जिलाध्यक्ष कैलाशचंद जैन ने कहा कि हाल मे सम्पन्न हुए लोकसभा चुनाव मे हर मतदान केन्द्रों के कार्यकर्ताओं को बधाई प्रेषित की। साथ ही वरिष्ठ नेता राजेन्द्र प्रसाद पाठक ने हमारी मोदी सरकार ने प्रधानमंत्री अवास योजना, उज्जवला योजना, कृषि सम्मान योजना, आयुष्मान योजना के बारे मे विस्तार से बताते हुए कहा कि हम सभी को इन सभी योजनाओं को मतदान केन्द्रों मे जाकर प्रचार प्रसार करना है। जिला उपाध्यक्ष महेश सिंह पाराशर ने भी संबोधित किया।उक्त बैठक का संचालन मण्डल महामंत्री भागीरथ उरैती व आभार अजजा मोर्चा जिलाध्यक्ष महेश सिंह धुमकेती ने व्यक्त किया। बैठक में वरिष्ठ नेता इन्द्रकुमार पाठक, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष नरवदिया मरकाम, मण्डल उपाध्यक्ष नंदकिशोर उचेहरा, धुरव पटेल, प्रवीण बर्मन, मोहन सिंह राठौर, हरिहर पाराशर, मण्डल मंत्री नीलू जैन, अजय बर्मन, मण्डल आईटी प्रभारी तरूण ठाकुर, कुंवरिया मरावी, नरेश चंदेल, रजनी श्रीवास, मिथलेश मिश्रा, उदयभान सिंह, राकेश चैधरी, सरजू प्रसाद ठाकुर, श्यामलाल सैयाम, संदीप कांसकार, शान्तनु पाठक, धर्मेन्द्रपाल मानिकपुरी, राजू नंदा, रोहित यादव, गोपालदास बघेल, रामदास बघेल, कृष्णकुमार ठाकुर, धीरज परस्ते, राजेश सैयाम सहित पदाधिकारी व कार्यकर्तागण मौजूद रहे।



## खबर संक्षेप

### अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस व अन्न संवर्धन अभियान के शुभारंभ कार्यक्रम में शामिल होंगे मंत्री श्री पटेल



नरसिंहपुर। प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास व श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल शुक्रवार 21 जून को जिले के प्रवास पर रहेंगे और दसवां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस व अन्न संवर्धन अभियान के शुभारंभ कार्यक्रम में शामिल होंगे। मंत्री श्री पटेल 21 जून को प्रात 5.58 बजे सर्किट हाऊस नरसिंहपुर से प्रस्थान कर प्रात 6 बजे उत्कृष्ट विद्यालय स्टेडियम ग्राउंड नरसिंहपुर आयेंगे। वे यहां दसवां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस एवं अन्न संवर्धन अभियान के शुभारंभ कार्यक्रम में शामिल होंगे। प्रात 6.02 बजे उद्बोधन, प्रात 6.10 बजे प्रधानमंत्री के उद्बोधन का सीधा प्रसारण, प्रात 7 बजे से 7.45 बजे तक सामान्य योग अभ्यास क्रम और प्रात 7.50 बजे आभार एवं कार्यक्रम का समापन होगा।

### पखवाड़ा चलाकर किसान को दी जायेगी जानकारी

**नरसिंहपुर।** कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले के निर्देशन में शासन की हितग्राही मूलक योजनाओं के सुचारू रूप से संचालन एवं कृषि व कृषक हितार्थ खरीफ वर्ष- 2024 में ष्कृषि पखवाड़ाष कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है। समस्त क्षेत्रीय कृषि विस्तार अधिकारी द्वारा अपने- अपने सर्किल के समस्त ग्रामों में 14 जून से 30 जून 2024 तक कृषि पखवाड़ा मनाया जायेगा। उप संचालक कृषि उमेश कटहरे ने बताया कि कृषि विस्तार अधिकारी सर्किल के ग्रामों मे जाकर कृषकों को उन्नत कृषि तकनीकी सलाह, मांग, समस्याएं आदि के बारे में चर्चा करेंगे। कृषकों को डीएपी के स्थान पर एनपीके का उपयोग करने की सलाह व महत्व बताया जायेगा। विभागीय हितग्राही मूलक योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए एमपी किसान एप के उपयोग करने की सलाह दी जाएगी। साथ ही एप के संचालन में मदद करेंगे। कृषकों को अपने- अपने खेतों की मिट्टी का परीक्षण कराने के लिए प्रेरित किया जायेगा। स्वाइल हेल्थ कार्ड की अनुशंसा के अनुसार उर्वरकों के उपयोग की सलाह दी जायेगी। मिट्टी में सूक्ष्म पोषक तत्वों जैसे जिंक, सल्फर आदि के उपयोग के लिए अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार किया जायेगा। रसायनिक उर्वरकों के अधिक उपयोग से मृदा स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव पड़ने के संबंध में विस्तार से जानकारी दी जायेगी। किसानों को रासायनिक उर्वरकों यूरियाध् डीएपी के स्थान पर नैनो यूरियाध् नैनो डीएपी के उपयोग की सलाह दी जायेगी। बायोगैस बनवाने के लिए किसानों को प्रेरित किया जायेगा। कृषकों से खरीफ सीजन के लिए आदान सामग्रियों व बीज किस्मों की जानकारी दी जायेगी। खरीफ-2024 में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनांतर्गत कृषकों को विशेषकर अऋणी कृषकों को फसल बीमा कराने के लिए जागरूक किया जायेगा। कृषकों को कृषि क्षेत्र में बेहतर मौसम पूर्वानुसार हेतु मौसम एप को डाउनलोड कर उपयोग करने की सलाह दी जायेगी। अरहर किस्म पूसा 16 की विशेषताओं को कृषकों के मध्य साझा किया जायेगा। फसल अवशेष प्रबंधन हेतु नरवाई नहीं जलाने, उन्नत कृषि यंत्रों का उपयोग कर बोनी किए जाने के महत्व को विस्तार से बताया जायेगा। डीएसआर पद्धति से धान की बोनी की जानकारी दी जायेगी। कृषकों को किसान क्रेडिट कार्ड-केसीसी बनाने के लिए प्रेरित किया जायेगा। किसानों से अपील की है कि वे ग्राम गोष्ठी में आवश्यक रूप से उपस्थित होकर योजनाओं का लाभ लें। यदि कृषक किसान पोर्टल पर पंजीयन नहीं करते तो योजना से वंचित हो जायेंगे। पंजीयन किसान स्वयं एमपी ऑनलाइन अथवा क्षेत्र के कृषि विस्तार अधिकारी के सहयोग से करा सकते हैं।

# आत्मविश्वास को बढ़ाने मोटिवेशन जरूरी: श्रीमती पटले

## भविष्य से भेंट कार्यक्रम में शामिल हुई कलेक्टर










### कलेक्टर ने बच्चों से संवाद कर किया प्रोत्साहित

स्कूल चलें हम अभियान के अंतर्गत तृतीय दिवस पर शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय नरसिंहपुर में कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले के मुख्य आतिथ्य में भविष्य से भेंट कार्यक्रम आयोजित किया गया।

हरिभूमि न्यूज- नरसिंहपुर।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती जी का पूजन- अर्चन कर किया गया। विद्यालय की ग्यारहवीं कक्षा की टॉपर छात्रा कु. शैली पटेल द्वारा कलेक्टर को पुष्प गुच्छ भेंट कर छात्र- छात्राओं की ओर से स्वागत किया गया। कलेक्टर द्वारा विद्यार्थियों को निरूशुल्क पाठ्य- पुस्तक और शिक्षा मंत्री के संदेश का वितरण किया गया। कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी अनिल व्योहार व जिला परियोजना समन्वयक डॉ. आरपी चतुर्वेदी विशिष्ट आतिथि के रूप में मौजूद थे।

कार्यक्रम मेंश्रीमती पटले ने संवाद में कहा कि सफलता की पहली सीढ़ी प्रेरणादायक सफल स्टोरी होती हैं। आत्मविश्वास को बढ़ाने के लिए मोटिवेशन जरूरी है। अभिप्रेरणा के दीप की लौ अपने मन में मंजिल प्राप्त होने तक जलाएं रखें। छात्र- छात्राओं को खिलाड़ियों, अभिनय कलाकारों की सफल स्टोरी के माध्यम से अभिप्रेरित करते हुए कहा कि पृथ्वी सभी के लिए समान समय प्रदान करती हैं, लेकिन वही सफल होते हैं, जिनके पास मोटिवेशन के साथ कार्य करने की इच्छाशक्ति होती है और जो उसको प्राप्त करने हेतु कड़ी मेहनत करते हैं। विद्यार्थी जीवन में पढ़ाई के साथ खेल,पाठ्य सहगामी गतिविधियों के आनंद लेने का समय है। विद्यार्थी जीवन में व्यक्तित्व विकास, नेतृत्व क्षमता को विकसित करने का समय है। हमेशा सकारात्मक रहते हुए पढ़ाई के साथ अन्य रचनात्मक गतिविधियों में भागीदार बनें। चुनौतियों से भरे समय में आपको स्वयं अपने ज्ञान, विचार का आत्मविश्लेषण करते हुए अपना भविष्य तैयार करें।

कलेक्टर ने कहा कि सफलता एक ही स्थान विशेष पर नही होती बल्कि अलग- अलग क्षेत्रों में होती हैं, जिसे स्वयं के अभ्यास करके उस क्षेत्र में सफलता प्राप्त होती है। विद्यार्थी अपने जीवन के प्रेरणास्पद संस्मरण को सुनाते हुए बच्चों को प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि जीवन में तनाव से दूर रहें, अपने लक्ष्य के प्रति गंभीर रहते हुए निश्चित समय में कड़ी मेहनत करें। छात्र-छात्राओं को मंच पर अपने विचार व्यक्त करने के लिए आमंत्रित कर उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में विद्यालय के 11 वीं कक्षा के छात्र वंश रजक, 10 वीं कक्षा की छात्रा वैष्णवी पटेल, 12 वीं कक्षा की छात्रा शैली पटेल ने शिक्षा में तकनीकी विषय पर अपने विचार रखे।कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों ने विद्यालय परिसर में पौधारोपण किया। कार्यक्रम में विद्यालय का स्टाफ और विद्यार्थी मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. अशोक उदेनिया और आभार बीएन पांडे ने किया।

# एसपी, सीईओ एवं अपर कलेक्टर ने बच्चों को दिया मार्गदर्शन

हरिभूमि न्यूज- नरसिंहपुर।



स्कूल चलें हम अभियान के अंतर्गत सीएम राइज विद्यालय नरसिंहपुर में पुलिस अधीक्षक श्री अमित कुमार, शासकीय नेहरू हायर सेकेंडरी स्कूल नरसिंहपुर में सीईओ जिला पंचायत श्री दलीप कुमार और शासकीय हाई स्कूल तालापार में अपर कलेक्टर श्रीमती अंजली शाह पहुंची। यहां अधिकारियों ने अपने- अपने जीवन के अनुभव साझा किए और विद्यार्थियों को प्रेरक संदेश दिया। सीएम राइज विद्यालय नरसिंहपुर में पुलिस अधीक्षक अमित कुमार ने भविष्य भेंट कार्यक्रम में छात्र जीवन की यादों को साझा किया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों द्वारा पूछे गये सवालों के जवाब पुलिस अधीक्षक ने इतिहासकारों, समाज शास्त्रियों, वैज्ञानिकों की सफल कहानी के माध्यम से बताया। उन्होंने मोबाइल का उपयोग अनुशासन में रहकर करने की बात बच्चों से कही। उन्होंने स्वयं के विद्यार्थी जीवन के संस्मरण को साझा किया। उन्होंने कहा कि मैं अपना मोबाइल सिर्फ शिक्षा के उद्देश्य से उपयोग करता था। बाकी समय मोबाइल को लॉकर में रखकर चाबी अपने मित्रों को दे दिया करता था। उन्होंने कला और विज्ञान के समन्वय को स्थापित कर छात्र- छात्राओं को कला और विज्ञान दोनों से जुड़े रहने के लिए प्रोत्साहित किया। इस दौरान प्राचार्य श्री प्रभात मिश्रा, स्कूल का स्टाफ और विद्यार्थी मौजूद थे।

इसी तरह शासकीय नेहरू हायर सेकेंडरी स्कूल नरसिंहपुर में सीईओ जिला पंचायत श्री दलीप कुमार पहुंचे। यहां उन्होंने विद्यार्थियों से चर्चा की और उनकी जिज्ञासायें जानी। इसके बाद उन्होंने शाला परिसर में परिसर में स्थित इको क्लब गार्डन में पौधरोपण किया। इस दौरान प्राचार्य श्री ए के चैबे, डीपीसी डॉ. आरपी चतुर्वेदी, बीआरसी श्री ओपी राय, आनंद श्रीवास्तव, श्रीमती नीता डेहरिया और विद्यार्थी मौजूद थे।

अपर कलेक्टर श्रीमती अंजली शाह शासकीय हाई स्कूल तलापार में छात्र-छात्राओं से स्नेहपूर्वक चर्चा कर बच्चों से भविष्य में क्या बनना चाहते हैं और कैसे सफल हो सकते हैं, के बारे में बताया। बच्चों को सफल व्यक्तियों के प्रेरक कहानी के माध्यम से प्रोत्साहित किया गया। विद्यालय में एक साथ शिक्षा प्राप्त करने में और एक-दूसरे से शिक्षा की बात करने से ज्ञान में वृद्धि होती है। मोबाइल का उपयोग शिक्षण में करने और अपने आत्मविश्वास को बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने छात्र- छात्राओं की जिज्ञासाओं को जानकर उन्हें भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। उक्त अवसर पर बीआरसी श्री ओपी राय, बीएसी नीरज वाजपेई, स्कूल का स्टाफ और विद्यार्थी मौजूद थे।

# पीवीटीजी ग्रामों के समग्र विकास के लिए शिविरों का आयोजन

**नरसिंहपुर।** भारत सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय के निर्देशानुसार प्रधानमंत्री पीवीटीजी मिशन के अंतर्गत जिले की तीन जनपद पंचायतों की कुल 24 पीवीटीजी ग्रामों के समग्र विकास के लिए कैंप का आयोजन किया गया। इन कैंपों के माध्यम से समग्र ई- केबायसी के कुल 31, समग्र नवीन आईडी का एक, जाति प्रमाण पत्र के 86, नवीन आधार कार्ड के 19, आधार अपडेट के 34, आयुष्मान कार्ड के 24, राशन कार्ड के 7 पीएम सम्मान निधि के 4, संबल पंजीयन के 5 सहित कुल 211 हितग्राहियों को लाभांवित किया गया। इसके अंतर्गत ग्राम बुढेना में 31, ग्राम आमगांव व सिमरिया खुर्द में 9, ग्राम भिलमाढाना में 6, ग्राम निजौर में 4, ग्राम सिल्हेटी में 8, ग्राम टुडनी में 6, ग्राम पिपरिया में 3, ग्राम पौड़ी में 6, ग्राम बड़ागांव में 10, ग्राम ग्वारी में 35, ग्राम बिकौर में 61 और ग्राम मिढली में 32 हितग्राहियों को लाभांवित किया गया।यह कैंप विकासखंड गोटेगांव के अंतर्गत ग्राम पंचायत बुढेना के अंतर्गत आने वाले ग्राम बुढेना हेतु ग्राम बुढेना में, विकासखंड करेली के अंतर्गत ग्राम पंचायत आमगांव के अंतर्गत आने वाले ग्राम आमगांव व सिमरिया खुर्द हेतु ग्राम आमगांव में, विकासखंड बाबई चीचली के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत खडई के अंतर्गत आने वाले ग्राम निभौरा व ग्राम पंचायत सिल्हेटी के अंतर्गत आने वाले ग्राम सिल्हेटी हेतु ग्राम शाहपुर में, ग्राम पंचायत ग्वारी के अंतर्गत आने वाले ग्राम टुडनी, ग्राम पंचायत देवरी के अंतर्गत आने वाले ग्राम पिपरिया व ग्राम पंचायत बैरागढ़ के अंतर्गत आने वाले ग्राम पौड़ी हेतु ग्राम टुडनी में एवं ग्राम पंचायत मोहपानी के अंतर्गत आने वाले ग्राम बड़ागांव व टुईयापानी हेतु ग्राम चारगांवखुर्द, विकासखंड करेली के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत ग्वारी के आने वाले ग्राम ग्वारी हेतु ग्राम पिपरहा में और ग्राम पंचायत बिकौर के अंतर्गत आने वाले ग्राम बिकौर व ग्राम पंचायत मिढली के अंतर्गत आने वाले ग्राम मिढली हेतु ग्राम बिकौर में कैंप का आयोजन किया गया। यह कैंप इन ग्रामों में निवासरत पिछड़ी जनजातियों (भारिया) के संबंधित मुखिया परिवारजनों को विभिन्न शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाये जाने के उद्देश्य से लगाया गया।

# हथियारों से लैस बदमाश 180 लीटर डीजल के साथ ही 10 हजार लूटकर फरार

### वाहन मालिक ने चौकी मे दर्ज कराई शिकायत

अनूपपुर।

जिले के राजेन्द्रग्राम निवासी सुरेन्द्र कुमार पाण्डेय ने चौकी फुनगा मे 20 जून को उनके वाहन के ड्रायवर चिंटू कुमार सारथी से लूट तथा डीजल चोरी होने की शिकायत दर्ज कराई है। जिसमे उल्लेख किया गया कि सुरेन्द्र कुमार पाण्डेय का वाहन क्रमांक एमपी 65 जेबी 1135 मोजर बेयर पावर प्लांट से फ्लाई ऐश लेकर हर सायडिंग खाली करने सुबह लगभग 3 बजे जा रहा था। इसी बीच फुनगा के पास बजरंगबली जी की बड़ी मूर्ति के नजदीक बिना नंबर की सफेद कलर की न्यू मॉडल स्कार्पियो वाहन पहुंची जिसमे लगभग पांच से 6 लोग मुंह मे कपड़ा बांधकर हाथ मे राड, हाकी और तलवार लेकर ड्रायवर से मारपीट करने लगे तथा प्रतीक्षालय ले जाकर गमछे से हाथ, पैर, मुंह, आंख बांधकर उसके साथ मारपीट की तथा उसके जेब मे रखे 10 हजार रूपये एवं गाड़ी से लगभग 180 लीटर डीजल लूटकर फरार हो गये। मारपीट से ड्रायवर चल नही पा रहा है। एक आरोपी को ड्रायवर ने पहचान भी लिया है। सुरेन्द्र पाण्डेय ने पुलिस से उक्त घटना पर कार्यवाही करने की मांग की है।

### आए दिन हो रही लूटपाट की घटना

ज्ञात हो कि नेशनल हाईवे मे आए दिन वाहन चालकों के साथ लूटपाट की घटना सामने आ रही है। यहां बदमाश रात के अंधेरे का फायदा उठाकर वाहन चालकों के साथ हथियारों की नोक पर लूट की घटना को अंजाम दे रहे है। वाहन चालकों के साथ हो रही लूटपाट की घटनाओं ने वाहन चालकों में भय का माहौल बना दिया है, लेकिन इसके बाद भी स्थानीय थाना पुलिस द्वारा जहां पर बदमाशों द्वारा अधिक लूटपाट की घटनाओं को अंजाम दिया जाता है वहां पर न तो गश्त बढ़ाई जाती है और नहीं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कोई कदम उठाए जा रहे है।

## विद्यार्थी लक्ष्य बनाकर लगातार प्रयास करें-कमिश्नर

**अनूपपुर।** कमिश्नर शहडोल संभाग बीएस जामोद ने विद्यार्थियों से कहा है कि वह बड़े सपने देखें तथा लक्ष्य बनाकर उसे हासिल करने के लिए लगातार प्रयास करें। कमिश्नर ने विद्यार्थियों से कहा कि विद्यार्थी जीवन के एक-एक मिनट का सदुपयोग करना चाहिए। उन्होंने छात्रों से कहा कि कोई भी कार्य ऐसा नहीं है जो हम नहीं कर सकते हैं किसी भी कार्य को करने के लिए एवं लक्ष्य को हासिल करने के लिए दृढ़ निश्चय जरूरी है। उन्होंने कहा कि आप भी कलेक्टर, कमिश्नर, डॉक्टर, इंजीनियर और अच्छे व्यापारी बन सकते हैं इसके लिए निरंतर परिश्रम करने की आवश्यकता है। कमिश्नर शहडोल संभाग बीएस जामोद आज अनूपपुर जिले के विकासखंड पुष्पराजगढ़ के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पोड़की के निरीक्षण के दौरान छात्रों से संवाद किया।

# फिर शुरू होगा नया शैक्षणिक सत्र, नहीं सुधर सके जर्जर भवन





### संकीर्णता में बैठने मजबूर होंगे छात्र

तेंदूखेड़ा

इन दिनों तेंदूखेड़ा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले विभिन्न शैक्षणिक संस्थाओं के भवनों की स्थिति काफी दयनीय बनीं हुई है।इनकी दयनीय स्थिति की जानकारी शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों को वस्तुस्थिति के साथ लिखित में जानकारी भी दी जा चुकी है। विभागीय स्तर पर जांच टीमें पंचनामा बनाकर भी ले गई । फिर भी काफी लंबा समय बीत जाने के उपरांत सुधार की दिशा में कोई सार्थक पहल नहीं हो सकी है। पिछले तीन सालों से बजट की कमी केवल तेंदूखेड़ा के लिए बनीं हुई है।जर्जर भवन के साथ कुछ हिस्सा जमींदोज हो गया है। जिसमें जहरीले जीव-जंतु ठहरने लगें हैं इन्हीं के बीच छात्रों को अध्यापन करना इनकी मजबूरी बनीं हुई है।

### हाईस्कूल भवन का एक हिस्सा हुआ जमींदोज

तहसील मुख्यालय तेंदूखेड़ा के शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर की भी यही स्थिति बनी हुई है हायर सेकंडरी स्कूल के बीच वाला भवन जमींदोज होने लगा है। शिक्षा विभाग रमशा की टीम दो साल पहले भवन की स्थिति देखकर चली भी गई। लेकिन सुधार की दिशा में कोई उचित व्यवस्था नहीं हो सकी है। वार्षिक परीक्षाओं को दृष्टिगत रखते हुए यहां पर छात्रों को बैठने में परेशानी हो रही है। तत्काल प्रभाव से भवन जीर्णोद्धार की मांग स्थानीय नागरिकों ने की है। तहसील मुख्यालय की एक मात्र बालक उच्चतर विद्यालय है जिसमें आस पास ग्रामीण क्षेत्रों के छात्र आते हैं।भवन के शीघ्र जीर्णोद्धार की मांग स्वयं छात्रों ने की है।

### बन सकता है सुव्यवस्थित भवन

बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तेंदूखेड़ा काफी प्राचीन भवन है। राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 45 जबलपुर भोपाल सड़क मार्ग चार लाइन बन जाने के बाद से सुरक्षा की दृष्टि से काफी गंभीर स्थिति में पहुंच गया है।इस संपूर्ण परिसर को नया भवन का स्वरूप मिल जाता है तो यह एक सुंदर सुरक्षित परिसर बन सकती है। लेकिन इच्छा शक्ति का अभाव के कारण इस विद्यालय का उद्धार नहीं हो पा रहा है। स्थानीय लोगों ने इस विद्यालय को नया भवन बनाने की मांग की है।

### 155 बच्चों को बैठने जगह की कमी

चांवरपाठा विकास खंड के अंतर्गत आने वाले ग्राम ढिलवार में संचालित शासकीय माध्यमिक विद्यालय एक परिसर शाला में कक्षा पहली से आठवीं तक के बच्चों को बैठने में जगह की भारी कमी बनी हुई है। विद्यालय के लगभग सभी कक्षों में छात्र छात्राओं को अभाव ग्रस्त माहौल में बैठना पड़ता है। जर्जर भवन में जहरीले जंतु अपना डेरा बनाते चले जा रहे हैं। इन भवनों की कोई उचित रखरखाव ना हो पाने के कारण अब धराशाई हो रहे हैं।साथ ही शैक्षणिक गतिविधियों का लेखा-जोखा आफिस वर्क भी इन्हीं कक्षों में करना पड़ता है। विद्यालय की प्रबंधन समीति द्वारा हमारे प्रतिनिधि को बताया कि छात्रों की सुरक्षा और भविष्य को ध्यान में रखते हुए तत्काल प्रभाव से जर्जर भवन का शीघ्र ही जीर्णोद्धार किया जाना चाहिए।

**कार्यालय मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत नरसिंहपुर**

कमांक/1527/म.ज.प./2024 नरसिंहपुर दिनांक 18.06.2024

**विज्ञप्ति**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि जनपद पंचायत नरसिंहपुर के अंतर्गत निम्नानुसार जलाशयों 10 वर्षीय पट्टे पर दिये जाने हेतु मछुआ समिति समूहों से आवेदन पत्र आमंत्रित किया जाना है आवेदन में प्राथमिकता बंशानुगत पंजीकृत मछुआ समिति पंजीकृत आदिवासी सहकारी मछुआ समिति पंजीकृत अनुसूचित जनजाति सहकारी मछुआ समिति पंजीकृत सहकारी पिछडा वर्ग मछुआ समिति पंजीकृत सहकारी सामान्य समिति पंजीकृत स्व सहायता समूह समूह को वरीयता क्रम में प्राथमिकता प्रदान की जाऐगी । आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 26.06.2024 आवेदन पूर्ण दस्तावेजों के साथ कार्यालय में प्रस्तुत करें अधूरे / अपूर्ण आवदनों पर काई विचार नहीं किया जायेगा।

| क्र. | जलाशय का नाम | उत्पादित जलक्षेत्र हेक्टयर में | पट्टा अवधि |
|---|---|---|---|
| 1 | मेहगांव जलाशय | 10.420 | 10 वर्ष |

**मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत नरसिंहपुर**